<u>समाचार</u>

<u>बालको जोन के 05 वार्डो को मिली 55 लाख रू. के विकास कार्यो की सौगात</u>

<u>(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन)</u>

कोरबा 05 अगस्त 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 41, 35, 36, 34 एवं 42 में 55 लाख रूपये की लागत वाले विकास कार्यो की सौगात दी गई। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 35 के अंतर्गत मस्जिद के समीप 24 लाख 25 हजार रूपये की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य किया जाना हैं, इसी प्रकार वार्ड क्र. 36 जोन कार्यालय के लिए 17 लाख 07 हजार रूपये की लागत से बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। वार्ड क्र. 34 लालघाट मुंडापारा में 02 लाख 50 हजार रूपये की लागत से मंच का निर्माण एवं वार्ड क्र. 42 में 06 लाख रूपये की लागत से गजेबो का निर्माण भी किया जाना हैं, वहीं वार्ड क्र. 41 स्थित कांजीहाउस में 02 लाख 50 हजार रूपये की लागत से चबूतरा का निर्माण एवं इसी वार्ड में स्थित गुप्ता गली में 02 लाख 50 हजार रूपये की लागत से चबूतरे का निर्माण भी निगम द्वारा कराया जाएगा। आज इन वार्डो में पृथक–पृथक आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा उक्त विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर कार्यो का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को त्वरित रूप से प्रारंभ कर समयसीमा में इन्हें पूरा करें तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें।

<u>निरंतर जारी रहेगी विकास की गति</u> – इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत साढ़े चार वर्षो के दौरान क्षेत्र की जनता की मांग एवं उनकी आवश्यकता के अनुरूप व्यापक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, विशेषकर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने से संबंधित कार्यो पर विशेष फोकस

किया गया है, सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ–सफाई जैसी सुविधाओं पर केन्द्रित विकास को गति एवं दिशा दी गई है। उन्होने विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी तथा निगम क्षेत्र के समस्त वार्डो को समस्याविहीन वार्ड बनाए जाने का कार्य जारी रहेगा।

लोगों से की भेंट, समस्याओं के निराकरण के निर्देश– भूमिपूजन कार्यक्रमों के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां पर उपस्थित नागरिकों से सीधी भेंट कर उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, मेयर इन काउंसिल सदस्य देवीदयाल सोनी, इस्माईल कुरैशी, पार्षद संतोष कुर्रे, हितानंद अग्रवाल, कृपाराम साहू, पूर्व सभापति संतोष राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामसुंदर सोनी, एफ.डी.मानिकपुरी, विकास डालमिया, श्रीकांत मांझी, आशीष राय, अमरकंटक प्रसाद, हाजी शहादत खान, नौशाद अली, मो.शाहिद, युसूफ बख्शवी, सऊद खान, मुन्ना खान, जमाल खान, उस्मान खान, मुख्तार अली आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।